# प्रेस विज्ञप्ति
# जनपद बस्ती
# दिनांक- 01.02.2025

## थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में ब्लाक रोड पर हुए गोलीकाण्ड की घटना का 10 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायल 01 बदमाश व अन्य 02 अभियुक्त किए गए गिरफ्तार-

थाना कोतवाली पुलिस व स्वाट टीम बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत दिनांक-31.01.2025 को ब्लॉक रोड पर समय करीब 16:00 बजे एक व्यक्ति सहबाग गौतम पुत्र रामलाल गौतम उम्र करीब 22 वर्ष पर 02 मोटरसाइकिल सवारों द्वारा जानलेवा हमला करते हुए गोली मारने का 10 घंटे के अन्दर सफल अनावरण व शत प्रतिशत गिरफ्तारी करते हुए पुलिस मुठभेड़ में मूड़घाट क्षेत्र से 02 मोटरसाइकिल सवारों/ अभियुक्तों 1. मोहम्मद शमीम उर्फ गुड्डू पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी ग्राम डोढ़ाऊपुर थाना नगर जानपद बस्ती(चोटहिल) व 2. आदित्य चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी ग्राम कमठाइयां थाना नगर जनपद बस्ती को घटना में प्रयुक्त अवैध कट्टा व मोटरसाइकिल के साथ दिनांक 01.02.2025 समय 01.05 बजे करीब गिरफ्तार कर घटना में शामिल/ संबंधित अन्य अभियुक्त 3. अजीत यादव पुत्र मेवालाल यादव निवासी ग्राम अवस्थीपुर सुदामागंज थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती को अमहट पुलिया से समय 23.40 बजे गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है, बाद विधिक कार्यवाही माननीय न्यायालय बस्ती पेश किया जायेगा|

### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

1. मोहम्मद शमीम उर्फ गुड्डू पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी ग्राम डोढ़ाऊपुर थाना नगर जानपद बस्ती(चोटहिल)
2. आदित्य चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी ग्राम कमठाइयां थाना नगर जनपद बस्ती
3. अजीत यादव पुत्र मेवालाल यादव निवासी ग्राम अवस्थीपुर सुदामागंज थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती

### गिरफ्तारी का स्थान, समय-

दिनांक 31.01.2025 समय 23.40 बजे 01 अभियुक्त को अमहट पुल के पास से |

दिनांक 01.02.2025 समय 01.05 बजे करीब 02 को मूड़घाट से |

### बरामदगी का विवरण-

1. गुड्डू उर्फ मोहम्मद शमीम(चोटहिल) से घटना मे प्रयुक्त एक अदद कट्टा व एक अदद जिन्दा खोखा कारतूस व एक मोबाईल सैमसंग कम्पनी व 210 रुपये नगद
2. आदित्य चौधरी पुत्र अशोक चौधरी से घटना मे प्रयुक्त एक अदद मोटरसाईकील पैसन प्रो रजिस्ट्रेशन नम्बर UP58K4536 व एक अदद मोबाईल तथा 110 रुपये नगद

### अभियुक्तगण का आपराधिक इतिहास-

**गुड्डू उर्फ मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी ढोढवापुर थाना नगर जनपद बस्ती |**

1. मु0अ0सं0 35/25, धारा 109, 351(3), 61(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बस्ती
2. मु0अ0सं0 36/25, धारा 109, बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बस्ती

3. मु0अ0सं0 37/25, धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली जनपद बस्ती

**आदित्य चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी कमठहिया थाना नगर जनपद बस्ती |**

1. मु0अ0सं0 35/25, धारा 109, 351(3), 61(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बस्ती
2. मु0अ0सं0 36/25, धारा 109, बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बस्ती

**अजीत यादव पुत्र स्व0 मेवालाल यादव निवासी अवस्थीपुर थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती |**

1. मु0अ0सं0 35/25 धारा 109, 351(3), 61(2) बीएनएस थाना कोतवाली जनपद बस्ती

## घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-31.01.2025 को ब्लॉक रोड पर समय करीब 16:00 बजे एक व्यक्ति सहवाग पुत्र रामलाल उम्र करीब 22 वर्ष पर 02 मोटरसाइकिल सवारों 1. मोहम्मद शमीम उर्फ गुड्डू पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी ग्राम डोढ़ाऊपुर थाना नगर जानपद बस्ती, 2. आदित्य चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी ग्राम कमठाइयां थाना नगर जनपद बस्ती, 3. अजीत यादव पुत्र मेवालाल यादव निवासी ग्राम अवस्थीपुर सुदामागंज थाना कप्तानगंज जनपद बस्ती द्वारा गोली मार दिया गया था, जिनका जिला अस्पताल बस्ती में दवा इलाज चल रहा है। थाना कोतवाली पर तहरीरी सूचना के आधार पर मु0अ0सं0 35/2025 धारा-109, 351(3), 61(2) B.N.S. बनाम उपरोक्त अभियुक्तगण के पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही थी।

## पूछताछ का विवरण-

पूछताछ में दोनो अभियुक्तगण ने स्वीकार किया कि आदित्य, गुड्डू व अजीत यादव तीनों दोस्त थे, नवम्बर/दिसम्बर के महीने में अजीत यादव बड़ेवन आया था, जिसका विवाद बड़ेवन के सहबाग गौतम पुत्र रामलाल गौतम निवासी बड़ेवन मड़वानगर थाना कोतवाली बस्ती से हुआ था। सहबाग गौतम व उसके साथियों ने उसे मारा पीटा था, जिस बात को लेकर इन तीनों अभियुक्तगण ने कसम खायी थी कि सहबाग गौतम को किनारे लगा देंगे। उसी क्रम में आज दिनांक 31.01.2025 को बंजरिया फार्म के आस पास तीनों अभियुक्तगण इक्टठा हुए तथा तीनों ने मिलकर सहबाग गौतम से बदला लेने तथा जान से मारने का प्लान बनाया। चूंकि अजीत यादव को बड़ेवन में जानते थे तो उसका नाम प्रकाश में आ जाता इसलिए उसने अपने साथियों गुड्डू उर्फ मो0 समीम तथा आदित्य चौधरी को काम को अंजाम देने के लिए तथा खाने पीने का 500 रुपया देकर बस्ती भेज दिया, शाम को 03.00 बजे के आस पास अजीत यादव के प्लान के मुताबिक आदित्य चौधरी पुत्र अशोक चौधरी निवासी कमठहिया थाना नगर जनपद बस्ती, गुड्डू की मोटरसाईकिल पैसन प्रो रजिस्ट्रेशन नम्बर UP58 K 4536 गाड़ी चला रहा था तथा गुड्डू उर्फ मोहम्मद शमीम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी ढोढवापुर थाना नगर जनपद बस्ती पीछे बैठा था, दोनो लोगों ने जनपद बस्ती ब्लॉक रोड पर आकर सहबाग गौतम को उसके सैलून पर रेकी किया, सैलून पर भीड़ होने के कारण काम नहीं बना तो रुक कर रास्ते में उसके आने का इन्तेजार करने लगे, थोड़ी देर बाद जब सहबाग अपने दुकान से घर आ रहा था कि रास्ते में आदित्य ने मोटरसाईकिल रोककर सहबाग से पूछा की तुम्ही हो जिससे अजीत भाई का विवाद हुआ था, सहबाग जबतक कुछ समझ पाता तब तक पीछे बैठे गूड्डू उर्फ मोहम्मद शमीम अपने हाथ में लिये तमंचे से आदित्य के उकसावे पर अजीत के प्लान के अनुसार जान से मारने की नीयत से सहबाग के ऊपर तमंचे से फायर कर दिया तथा मौके से दोनों मोटरसाईकिल लेकर फरार हो गये तथा बस्ती से घर की ओर चले गये डरवश तीनों घर छोड़ने वाले थे कि पुलिस के द्वारा पकड़े गये ।

## गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राणा देवेंद्र प्रताप सिंह, जनपद बस्ती।
2. प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 संतोष कुमार जनपद बस्ती।
3. प्र0चौकी गांधीनगर उ0नि0 विश्वमोहन राय थाना कोतवाली जनपद बस्ती ।
4. प्रभारी सर्विलांस सेल उ0नि0 शशिकान्त जनपद बस्ती।

5. हे0का0 रमेश कुमार, हे0का0 अवनीश सिंह, हे0का0 पवन तिवारी, का0 किशन सिंह, का0 अभिलाष प्रताप सिंह, का0 सुभेन्द्र तिवारी स्वाट टीम जनपद बस्ती।
6. हे0का0 रामेश्वर गौड़, का0 दुर्गेश कुमार यादव, का0 धनन्जय यादव, का0 दुर्गेश यादव थाना कोतवाली जनपद बस्ती।
7. का0 दीपक, सर्विलांस सेल जनपद बस्ती ।



